सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 31

09/01/2026

# मुख्यमंत्री ने जे0पी0 गंगापथ पर किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये निर्देश

**पटना, 09 जनवरी 2026 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जे0पी0 गंगापथ पर कराए जा रहे लैंड स्केपिंग, पौधा रोपण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विकसित किए जा रहे पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने विकसित किए जा रहे पार्क के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यह पार्क गंगा नदी के किनारे स्थित है, इसलिए लोगों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे विकसित कराएं। यहां काफी अच्छा काम हो रहा है। जे0पी0 गंगा पथ पर पार्क विकसित होने से हरियाली बढ़ेगी साथ ही यहां आनेवाले लोग अपने परिवार के साथ कुछ समय व्यतीत कर सकेंगे। इस काम को जल्द पूर्ण कराएं। इस दौरान उन्होंने कहा कि पौधारोपण होने से यह क्षेत्र हरा–भरा दिखेगा। जे0पी0 गंगापथ एक अद्भूत परियोजना है जिसका सौंदर्यीकरण बेहतर ढंग से कराया जा रहा है। आनेवाले समय में यह क्षेत्र लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। जे0पी0 गंगा पथ पर लोगों के लिए सड़क सुरक्षा और निर्बाध आवागमन भी जरूरी है, इसका पूरा ध्यान रखें।

निरीक्षण के दौरान राज्यसभा सांसद सह जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री अनिमेश परासर, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0 एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******